शनिवार • 07.03.2020

अमर उजाला

पिंक स्टेशनों पर मिलेगी महिलाओं से जुड़ी योजनाओं की जानकारी

नोएडा। एक्वा लाइन पर महिलाओं के लिए बनाए गए पिंक मेट्रो स्टेशनों पर हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। इनमें महिलाओं के उत्थान से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। सेक्टर-76 व परी चौक को पिंक स्टेशन की पहचान मिलेगी। रविवार को नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक रितु माहेश्वरी सेक्टर-76 में इसका उद्घाटन करेंगी। इस मौके पर स्मार्ट सिटी इंडिया एम्पावरिंग अवार्ड मिलने पर नोएडा मेट्रो रेल कॉरपोरेशन की प्रबंध निदेशक के साथ ही बेहतर काम करने पर महिला कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा। ब्यूरो